कार्यालय नगर पालिका परिषद, सम्भल

पत्र संख्याः– 01 /नि0वि0/2018 दिनांकः– 26.10.18

कार्यादेश

मैसर्स राव कॉन्ट्रेक्टर
प्रो0 – शकीबुर्रहमान
चौधरी सराय, सम्भल।

सूचित हो कि निम्न कार्य की ई–निविदाओं के अन्तर्गत आपकी निविदा स्टीमेट रेट से 02 प्रतिशत कम पर अंकन 51,64,888/– रूपये न्यूनतम होने के कारण स्वीकृति हेतु इस कार्यालय के पत्र संख्याः–172/नि0वि0/2018 दिनांकः–04.08.2018 द्वारा अपर निदेशक, क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ को प्रेषित की गयी। अपर निदेशक महोदय के कार्यालय ने अवगत कराया गया है कि शासन द्वारा गठित प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ की अध्यक्षता में सम्पन्न अठारहवीं (18वीं) बैठक दिनांकः–30.07.2018 को जारी कार्यवृत्त पत्रांक संख्याः–2227/नौ–5–2018–180सा/2015–टी0सी0 लखनऊ दिनांकः–20 अगस्त, 2018 के द्वारा आपके पक्ष में स्वीकृति प्रदान की गयी है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि स्वीकृत आगणन की विशिष्टियों के अनुरुप निर्माण कार्य अवर अभियन्ता (सिविल) के दिशा निर्देशन में कार्य को पूर्ण करें तथा कार्य से पूर्व कार्य कराते हुए एवं कार्य पूर्ण होने के उपरान्त् के फोटोग्राफ भी कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। कार्य का पंजीकरण श्रम विभाग में कार्य प्रारम्भ कराने से पूर्व कराकर कार्यालय में प्रस्तुत करें। कार्य पूर्ण होने के पश्चात् 05 वर्षों तक निम्न लिखित पार्क का रख–रखाव आदि कार्य आपके द्वारा किया जायेगा जिसका भुगतान शासन के दिशा–निर्देशों के अनुसार आपको किया जायेगा। कार्य का विवरण निम्नवत् है :–

कार्य का नाम	कार्य पूर्ण करने की अवधि	स्टीमेट की धनराशि	स्वीकृत निविदा धनराशि
बच्चों के खेल का मैदान/पार्क का सौन्दर्यीकरण।	दो माह	52,70,294/–रू0	51,64,888/–रू0

स्थल – कुण्ड आश्रम के सामने (आलमसराय, सम्भल)

26.10.18

उप जिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सम्भल

पत्र संख्या एवं दिनांक – तदैव।
प्रतिलिपि :–

1. अपर निदेशक महोदय, क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ को सादर सूचनार्थ।
2. अवर अभियन्ता (सिविल), नगर पालिका परिषद, सम्भल को इस निर्देश के साथ कि ठेकेदार को तकनीकी मार्ग दर्शन के साथ कार्य की विशिष्टियों के अनुसार मानक के अनुरुप अपनी देख–रेख में कार्य कराना सुनिश्चित करें।

1/11/18 शकीबुर्रहमान

उप जिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सम्भल

Scanned by CamScanner